आपदा – प्रबंधन प्रशिक्षण का समापन 2019

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं विश्व पशु कल्याण, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में पशु चिकित्सा महाविद्यालय, जबलपुर में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हुआ। यह प्रशिक्षण दिनांक 11.09.2019 से 13.09.2019 तक सम्पन्न हुआ। इसके अंतर्गत पशु आपदा प्रबंधन संबंधित विभिन्न आयामों जैसे पशु चिकित्सा, रोग–निदान, पोषण, पशु प्रबंधन, पशु औषधियों आदि विषयों का सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। इसमें 25 छात्रों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. पी.डी. जुयाल, माननीय कुलपति ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में पाठ्यक्रम संचालक डॉ. पी.सी. शुक्ला ने प्रशिक्षण का उद्देश्य एवं संपूर्ण कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा से अवगत कराया। अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा समन्वयक ने आपदा की विभिन्न परिस्थितियों में छात्रों को सामना करते हुए उचित–पशु प्रबंधन द्वारा आपदा से होने वाली क्षति को कम करने हेतु गुण बताये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पी.डी. जुयाल ने छात्रों को सदैव ही ईमानदारी व निष्ठापूर्वक आपदा स्थिति में कार्य करने हेतु तत्पर रहने का संदेश दिया।

माननीय कुलपति जी द्वारा कार्यक्रम में छात्रों को प्रमाण–पत्र वितरित किये गए तथा विशिष्ट संकाय सदस्यों को प्रमाण–पत्र व स्मृति–चिन्ह देकर विभूषित किया गया।

कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. अमिता तिवारी एवं आभार डॉ. देवेन्द्र गुप्ता सह–संचालक (पाठ्यक्रम) द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से डॉ. आनंद जैन, डॉ. अंकुर खरे, डॉ. एन.के. बजाज, डॉ. अपरा शाही, डॉ. ब्रजेश सिंह, डॉ. बबीता दास एवं डॉ. अर्पणा रैकवार की सहभागिता रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर